**खबर संक्षेप**

## प्लेटफार्म वर्कस को पंजीकृत करने के लिए विशेष अभियान 7 से 17 तक

*प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत ई-श्रम पोर्टल तथा संबल पोर्टल पर होगा पंजीयन*

**मण्डला।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार संगठित और असंगठित क्षेत्रों के साथ-साथ गिग/प्लेटफॉर्म वर्कस श्रमिकों सहित सभी श्रेणियों के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है। इस दिशा में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी वितरण के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से तैयार किया गया है। राज्य शासन द्वारा भी गिग/प्लेटफॉर्म वर्कस की सामाजिक सुरक्षा लक्ष्यित करते हुये इस श्रेणी के श्रमिकों को संबल योजना से जोड़ा जा रहा है। भारत सरकार ने केंद्रीय बजट 2025-26 में गिग/प्लेटफार्म वर्कस को कवर करने के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के विस्तार की घोषणा की है, इसके अलावा, उन्हे ई-श्रम पर पंजीकृत किया जाएगा और पहचान पत्र प्रदान किए जाएंगे। जिला स्तर पर ई-श्रम पोर्टल तथा संबल पोर्टल पर गिग/प्लेटफार्म वर्कस को पंजीकृत करने के लिए 7 से 17 अप्रैल 2025 तक विशेष अभियान आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण से सामाजिक सुरक्षा लाभों तक उनकी पहुंच आसान होगी, साथ में उनके लिए एबी-पीएमजेएवाई योजना का क्रियान्वयन भी तेजी से किया जा सकेगा। शासन के निर्देशानुसार उक्त पंजीयन अभियान मे अथवा नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर/श्रम विभाग/स्थानीय निकायों के कार्यालय में आवश्यक दस्तावेज सहित उपस्थित होकर गिग/प्लेटफार्म वर्कस स्वयं का ई-श्रम पोर्टल व संबल पोर्टल पर पंजीयन करा सकते हैं।

## झील महोत्सव 2025 हेतु वाहन रैली का आयोजन 13 अप्रैल को

**मण्डला।** झील महोत्सव के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य एवं झील महोत्सव संबंधित संदेश आम नागरिकों तक पहुँचाने के लिए 13 अप्रैल 2025 को सायंकाल 4 बजे से जबलपुर में वाहन रैली का आयोजन किया गया है। यह रैली भंवरताल गार्डन से रसलचौक-ज्योति टॉकीज-पुल क्रमांक 2 से होते हुए पेंटीनाका-सदर- गौर तिराहा से रानी दुर्गावती समाधि स्थल से होते हुए, कार्यक्रम स्थल ग्राम देवरी बकई, बरगी डेम के किनारे पहुँचेगी। झील महोत्सव का आयोजन 5 अप्रैल से 20 अप्रैल 2025 तक विकासखंड बीजाडांडी जिला मंडला के ग्राम देवरी बकई (एकलव्य हॉस्टल के पास) में बरगी डेम के किनारे किया जा रहा है। जिला जबलपुर में झील महोत्सव का रोमांच आम नागरिकों को आकर्षित कर रहा है, प्रतिदिन इस कार्यक्रम में सहभागिता हेतु हजारों की संख्या में लोग आ रहे हैं। झील महोत्सव में आयोजित रोमांचिक साहसिक खेलों के लिए हमें कुल्लू मनाली, गोवा इत्यादि स्थानों पर जाना पड़ता है, जिसके लिए हजारों रूपये खर्च करना पड़ सकता है। आज हमारे शहर में ही वह सभी साहसिक खेल उपलब्ध है, जिसके लिए हमें दूसरे प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर जाने की आवश्यकता नहीं है। जेएटीसीसी का यह टू-व्हीलर रैली का आयोजन पूर्ण रूप से एमओटीयूएल द्वारा प्रायोजित किया गया है। इस रैली में कोई भी महिला/पुरुष भाग ले सकेंगे, जिसकी अधिकतम सीमा 100 होगी। रैली में भाग लेने के लिए वाहन चालकों के पास स्वयं का वाहन, हेलमेट एवं ड्रायविंग लाईसेंस होना अनिवार्य है। इस रैली में पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है।

# मण्डला विधानसभा का सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न





**मण्डला।** कल भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में मंडला विधानसभा के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में मंडला विधानसभा से सभी सक्रिय सदस्यों ने अपनी सहभागिता इस आयोजन में दर्ज कराई। कार्यालय में प्रदेश मंत्री सुश्री शशि पटेल महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू कछवाहा एवं उनकी टीम द्वारा कार्यकर्ताओं का स्वागत तिलक वंदन कर अंगवस्त्र भेंट कर किया गया।इस आयोजन मे नगर अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत ने स्वागत उदबोधन देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी अगर शरीर रूप में है तो कार्यकर्ता इसकी आत्मा है। इसके पश्चात जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों पर अपनी बात रखते हुए कहा कि 14 अप्रैल को डॉ अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ पर डॉ अंबेडकर की जयंती मनाये साथ ही उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करें। इस बैठक के प्रमुख विषय भाजपा की चुनावी सफलता एवं संगठनात्मक विस्तार पर पूर्व जिलाध्यक्ष बालकिशन खण्डेलवाल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि, वर्ष 1951 में जनसंघ की स्थापना की गयी थी और वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ। आज भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी है। कांग्रेस पार्टी ने बार-बार भारत में इमरजेंसी लगाकर लोकतंत्र का मजाक बनाया साथ ही भारत के आजादी में इनका योगदान ना के बराबर रहा साथ ही इनके शासनकाल में भारत के अनेक विभाजन हुए। अंतिम विषय रखते हुए कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि भारत वर्ष में डॉ अंबेडकर जिन्हें कांग्रेस पार्टी ने कभी सम्मान की दृष्टि से नहीं देखा उनके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंचतीर्थ बनाने की योजना चलाई एवं डॉ अंबेडकर का योगदान भारत के जनमानस के बीच रखा। माननीय प्रधानमंत्री ने स्वच्छता का संदेश देते हुए लाल किले की प्राचीर से झाडू हाथ में लेकर यह बताया कि प्रधानमंत्री जनता के सेवक होते हैं ना कि उन पर राज करते वाले कांग्रेस के शासन काल में पाकिस्तान बार-बार भारत को आंख दिखाने की हिमाकत करता था लेकिन जब से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने हैं तबसे पाकिस्तान तो क्या चीन की भी हिम्मत नहीं होती यह नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शिता का परिणाम है। माननीय कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मान. मोदी जी ने गरीबों का दर्द समझ कर 70 साल से ऊपर के वृद्धजनों के लिए आयुष्मान कार्ड का लाभ दिया। साथ ही किसानों के लिए 12 हजार रूपये प्रतिवर्ष देकर 11 करोड़ किसानों को लाभ पहुंचाया।

कार्यक्रम के समापन के पश्चात भाजपा के सक्रिय सदस्य अजीत जैन के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए 2 मिनिट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गयी। उक्त कार्यक्रम में मंच पर पूर्व जिलाध्यक्ष रोचीराम गुरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला महामंत्री उमेश ठाकुर, भगवती श्रीधर, नीरज मरकाम मण्डल अध्यक्ष श्रीराम परते, प्रजय जैन, सूर्यकांत जंघेला उपस्थित रहे। मंच संचालन नीरज मरकाम द्वारा किया गया एवं आभार व्यक्त पदमी मण्डल अध्यक्ष ललित लोधी ने किया।

**जिला योजना भवन में बैठक आयोजित**

## शासन के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें निजी विद्यालय - श्रेयांश कूमट





**मण्डला।** मध्यप्रदेश निजि विद्यालय (फीस एवं संबंधित विषयों का विनियमन) नियम 2020 एवं शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के पालन के संबंध में जिला योजना भवन में अशासकीय विद्यालयों के प्रबंधकों/प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने निर्देशित किया कि विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए शासन द्वारा समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाते हैं, सभी दिशा-निर्देशों का अशासकीय विद्यालय भी पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकाशन की पुस्तकों के स्थान पर केवल एनसीईआरटी अथवा एससीईआरटी की पुस्तकें भी अध्यापन के लिए उपयोग करें। अपार आईडी की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि शतप्रतिशत बच्चों का अपार आईडी बनाया जाना अनिवार्य है, निर्धारित समय में यह कार्य पूर्ण करें। शासन की स्कूल बैग पॉलिसी का पालन सुनिश्चित करें जिसके अनुसार कक्षा एक से 10 तक के बच्चों के वजन के अनुपात में बैक का वजन निर्धारित किया गया है। पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में बच्चों को किसी प्रकार का बैग नहीं लाना है। स्कूल बसों के संबंध में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि स्कूल वाहनों के लिए जारी निर्देश एवं मानकों के अनुरूप बसों अथवा वाहनों का संचालन करें। प्रत्येक स्कूल वाहन में प्रबंधक/प्राचार्य का मोबाईल नंबर दर्ज करें। पुस्तकों अथवा गणवेश के लिए किसी विशेष दुकान या संस्था की अनिवार्यता तय नहीं की जायेगी, इस तरह की शिकायत आने पर कड़ी कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी स्कूल अपने यहाँ बुकबैंक बनाएं जिससे प्रतिवर्ष नई किताबों पर आपकी निर्भरता कम होगी। बैठक में अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े, डीपीसी श्री अरविंद विश्वकर्मा, एपीसी श्री मुकेश पांडे, बीईओ श्री रंजीत गुप्ता सहित निजी विद्यालयों के प्रबंधक/प्राचार्य उपस्थित रहे।

### भदारी में श्रमदान से कराई गौर नदी की सफाई,जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आयोजन



**मण्डला।** सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन की विविध गतिविधियां की जा रही है। इसी कड़ी में निवास विकासखंड के ग्राम भदारी में श्रमदान कर नदी की सफाई की गई। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद अंतर्गत मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्रा, समिति के सदस्य, नवांकुर संस्था के द्वारा गौर नदी में यह स्वच्छता गतिविधि आयोजित की गई। इस दौरान विकासखंड समन्वयक सूरज बर्मन, मेंटर अभिलाष दुबे, प्रदीप चेचाम, पतिराम, संतलाल, संध्या, वंदना धुर्वे, राहुल तेकाम, भूरी बाई, सुकराती बाई एवं छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

## पुलिस राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में मंडला पुलिस में पदस्थ उप निरीक्षक हिमांशु चौहान को मिला द्वितीय स्थान

### 25वें ऑल इंडिया पुलिस शूटिंग कंपिटिशन में किया प्रदेश का किया प्रतिनिधित्व



**मण्डला।** मध्यप्रदेश पुलिस की राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में मंडला पुलिस में पदस्थ उपनिरीक्षक हिमांशु चौहान को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ हैं। उपनिरीक्षक हिमांशु चौहान ने इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय रायफल शूटिंग प्रतियोगिता में 300 मीटर थ्री पोजीशन इवेंट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिसके बाद राष्ट्रीय स्तर की पुलिस ड्यूटी मीट (AIPDM) 25वें ऑल इंडिया पुलिस शूटिंग कंपिटिशन) जो कि चेंगलपट्टू चेन्नई (तमिलनाडु) में आयोजित हुई, में प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों की पुलिस तथा परामिलिट्री फोर्स ने हिस्सा लिया। मंडला पुलिस की इस सफलता पर पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिता पुलिसकर्मियो में खेल के प्रति रुचि एवं शारीरिक क्षमता को बढ़ावा देती हैं जिससे उनकी एकाग्रता एवं कार्यक्षमता में भी सुधार होता हैं। उप निरीक्षक मंडला पुलिस में वर्तमान में सायबर सेल में पदस्थ हैं।

**श्री हनुमान जयंती पर निकलेगी विशाल शोभायात्रा**

## विश्व हिंदू परिषद,बंजरग दल की बैठक में बनाई गई रुपरेखा



**मण्डला।** 12 अप्रैल शनिवार को श्री हनुमान जयंती का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। हनुमान भक्तों के द्वारा इस कार्यक्रम को योजनाबद्ध एवं हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने के लिए बेहद उत्सुकता नजर आ रही है। इसी तारतम्य में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की बैठक आयोजित की गई। श्री हनुमान जयंती के अवसर पर शनिवार को विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन में संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य गण मौजूद रहे।शोभायात्रा शाम 4 बजे उदय चौक से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से जय वीर हनुमान,हर हर महादेव,जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान होकर निकलेगी, शोभा यात्रा का संपूर्ण होने के पश्चात उदय चौक में ही समापन होगा । बताया गया कि शोभायात्रा का जगह-जगह धर्म आस्था प्रेमियों के द्वारा स्वागत किया जाएगा।शोभायात्रा की भव्यता एवं आयोजन को विशाल रूप देने के लिए सर्व हिंदू समाज,सभी हिंदू संगठनों, व्यापारी बंधुओं,हनुमान भक्तों से शामिल होने के लिए अपील की गई है।

### श्री बड़े हनुमान जी,श्री राम दरबार झांकी से शोभायमान होगी यात्रा -

बैंड बाजे के साथ विशाल शोभायात्रा में श्री बड़े हनुमान जी की झांकी,श्री हनुमान जी की प्रतिमा,श्री राम दरबार एवं अन्य सुसज्जित झांकियों का समावेश किया जाएगा। शोभा यात्रा में आतिशबाजी के साथ आयोजन खास होगा। शोभायात्रा में सामाजिक समरसता, सनातन संस्कृति,धर्म आस्था की झलक परिलक्षित होगी।

## ग्राम पंचायत सोडा में सार्वजनिक कूप सफाई और स्टॉप डेम जीर्णोद्धार



मण्डला। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत सोडा में सार्वजनिक कूप की व्यापक साफ-सफाई की गई, जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ जल उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही, जल संरक्षण और सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक स्टॉप डेम का जीर्णोद्धार कार्य भी किया गया। इस सफाई अभियान में ग्राम पंचायत के सदस्यों, स्थानीय नागरिकों और स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने कूप के आसपास जमा गंदगी को हटाया और कूप के भीतर की सफाई की, जिससे पानी की गुणवत्ता में सुधार हो सके। ग्रामीणों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल उनके लिए स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। ग्राम पंचायत के सरपंच ने इस अवसर पर कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत यह कार्य हमारे गांव के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वच्छ जल हर नागरिक का अधिकार है और स्टॉप डेम का जीर्णोद्धार हमारे किसानों के लिए सिंचाई की सुविधा को बेहतर बनाएगा। हम सभी ग्रामवासियों के सहयोग के लिए आभारी हैं। यह पहल जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति ग्राम पंचायत सोडा की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास अन्य ग्राम पंचायतों को भी जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रेरित करेंगे।

## सोलर पैनल इंस्टॉलेशन प्रशिक्षण संपन्न, कार्ड संस्था का अभिनव प्रयास



घुघरी

सेंटर फॉर एडवांस्ड रिसर्च एंड डेवलपमेंट (कार्ड) घुघरी मंडला में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर पैनल इंस्टालेशन हेल्पर प्रशिक्षण संपन्न हुआ जिसके अंतर्गत जिले भर के 60 युवक युवतियों को 7 दिन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया । प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को सौर् ऊर्जा के सयंत्र की स्थापना एवं रखरखाव की आधारभूत जानकारी एवं तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया साथ ही सोलर पैनल क्या है, कैसे काम करता है, और इसके लाभ, जैसे कि साइट सर्वेक्षण, सोलर पैनल का चयन, सोलर पैनल की सुरक्षा और अन्य सुरक्षा उपाय की विस्तृत जानकारी दी गई । उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत सरकार के स्किल काउंसिल ग्रीन जॉब द्वारा संचालित किया गया, जिसमें प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र और 500 रुपये प्रतिदिन (3500 रुपये) प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी साथ ही जॉब और रोजगार के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे।

## बस एसोसिएशन मंडला की ली गई मीटिंग



**मण्डला।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन आज दिनांक 8.4.2025 को थाना यातायात परिसर में बस एसोसिएशन, संचालक, ऑपरेटरस की मीटिंग ली गई जिसमें नियम विरुद्ध परिवहन करने वाले खटारा बसों को तत्काल हटाने, परमिट, बीमा, फिटनेस पीयूसी, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन द्वार, आपातकालीन नंबर एवं बसों के ऊपर अत्यधिक सामान लोड ना करने, महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित पैनिक बटन, तय से अधिक किराया न लेने, बसों को निश्चित स्थान पर रोक कर सवारियों को उतारने एवं बैठाने, चालक परिचालक को निर्धारित यूनिफॉर्म धारण करने, यात्रियों से अभद्रता न करने, शिकायत पुस्तिका का संधारण करने, यातायात के नियमों का अनिवार्य रूप से पालन कर बसों का संचालन करने के संबंध में आवश्यक निर्देश जिला परिवहन अधिकारी विमलेश गुप्ता, यातायात प्रभारी ललित धुर्वे एवं स्टाफ के द्वारा दिया गया। जिसमें बस एसोसिएशन के अध्यक्ष लीलाधर बरवे एवं सभी बस संचालक ऑपरेटर उपस्थित रहे ।

# गेहूँ उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की गति तेज करें - पीएस,वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिए गए निर्देश

**मण्डला।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की प्रमुख सचिव ने कमिश्नर-कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में गेहूँ उपार्जन 2025-26 की समीक्षा की। वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से की गई समीक्षा में उन्होंने कहा कि उपार्जन के काम में तेजी लानी है इसके लिए सभी केन्द्रों में स्लॉट बुकिंग की गति तेज कराएं। पंजीयन का बुधवार को आखिरी दिन है, सभी पंजीकृत कृषकों का शतप्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित कराएं। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के माध्यम से उपार्जन केन्द्रों की समितियों का प्रतिदिन फॉलोअप करें। उन्होंने कहा कि यह देखने में आ रहा है कि स्लॉट बुकिंग के बावजूद किसान फसल लेकर केन्द्रों में नहीं आ रहे हैं इसके लिए फॉलोअप किया जाना जरूरी है। उपार्जन के बाद कृषकों के खाते में भुगतान समय पर पहुंचे इसके लिए स्वीकृति पत्रक समय पर जारी कराना सुनिश्चित करें। ई-पीओ पेंडिंग न रखें, यदि इसकी पेंडेंसी रखेंगे तो कृषकों का भुगतान विलंबित होगा। उन्होंने निर्देशित किया कि नॉन एफएक्यू गेहूं किसी भी स्थिति में क्रय नहीं किया जायेगा, इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। खरीदी के साथ-साथ परिवहन भी प्रारंभ करें ताकि अधिक स्टॉक केन्द्रों में न रहे। किसानों की सुविधा के लिए प्रत्येक शनिवार भी स्लॉट बुकिंग की जायेगी एवं केन्द्रों में उपार्जन किया जायेगा।



### 30 तक ई-केवाईसी के लिए चलेगा विशेष अभियान -

वीडियो कॉन्फ्रेंस में पीएस ने कहा कि सभी खाद्यान्न पात्रतापर्चियों की ई-केवाईसी की जानी है, शतप्रतिशत परिवारों का ई-केवाईसी सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा। एक मई से स्मार्ट पीडीएस प्रस्तावित है इससे पहले 100 प्रतिशत ई-केवाईसी करने का लक्ष्य रखा गया है, इसका उद्देश्य अस्तित्वहीन/दोहरे/मृत हितग्राहियों का विलोपन कर वास्तविक हितग्राहियों का पहचान करना है। प्रत्येक पीडीएस दुकान पर उपलब्ध ईओएस मशीन के माध्यम से ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। आगामी 30 अप्रैल तक सभी ग्रामों में सेचुरेशन मोड पर इसके लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा। कॉन्फ्रेसिंग के दौरान एनआईसी कक्ष में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट सहित खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### खुलरी में निकली जवारे कलशों की शोभायात्रा



खुलरी। निश्चित तौर से माता रानी की शक्ति के आगे सब कुछ फीका पढ़ इस बात की सच्चाई बीते हुये 9 दिनों के दौरान माता रानी की आराधना मे डूबे हुये भक्तों में देखने मिली जहां अपन अनेक महिला पुरूष पूर्णरूप से निर्जना ब्रत धारण करते हुये माँ अम्बे की आराधना में लीन दिखाई पड़ तो दूसरी ओर जब ग्राम के खेरापति माता मंदिर पर स्थापित हुये सैकड़ो की संख्या कलश जबारों का विसर्जन जुलूस निकला तो पूरा गांव भक्ति में डूब गया। ज्ञात हो कि यहां पर लगातार बौ हुये 62 वर्षो से जवारे स्थापित होते चले आ रहे है। इस तरह जवारों के विसर्जन जुलूस ने भरे गांव को देवी मा की आरधना में लीन होने के लिये मजबूर कर दिया गया था। बताया जाता है कि नवरात्रि के 9 दिनों तक भले भक्ति, आस्था और उमंग के पावन पर्व पर विशेष पूजन अर्चन कर ग्राम खुलरी खेरापति मंदिर माता मुहल्ला से जवारों का विसर्जन जुलूस यानि की विशाल शोभा यात्रा रामलीला मैदान पंचायत भवन से निकाली गई। इस तरह ग्राम की रक्षक माने जाने वाली खैरापति मंदिर पर सार्वजनिक तौर से स्थापित किये गये घट कलश व जवारों के विसर्जन के लिये माँ के दरबार से एक विशाल शुभायात्रा का शुभारंभ हुआ जो रामलीला मैदान पहुंचते ही वहां पर अनेक श्रद्धालुओं ने माँ भगवती का पूजन अर्चन करने के बाद यह शोभायात्रा आगे की रवाना होते हुये ग्राम में नीम वाली माता मंदिर, मदरसा परिवार, काला देव कतिया मुहल्ला में रखे जवारे कलश की सत्साह के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान देखा गया कि खेरापति माता मंदिर के पंडाओं ने बाने पहनकर झुरैईया में नृत्य किया गया। इस बीच खुलरी के नव यवकों द्वारा जगह जगह ठंडे पानी सहित अन्य व्यवस्थाओं से भक्तों का स्वागत किया गया। वही इस विसर्जन जुलूस में शामिल महिलाये जहां अपने सिरों पर जवारे कलश रखे हुये मातारानी का भाव आने के कारण इस तरह चल रही थी की माना मातारानी की खुलरी के मार्गो पर अपने भक्तों को आर्शीवाद प्रदान करने के लिये आ पहुंची है। वही दूसरी ओर अनेक पंडा अपने कालों में त्रिशूल को आरपार करते हुये अनेक प्रकार से नृत्य करते हुये भक्तों का आर्शीवाद प्रदान करते हुये देखे जा रहे थें। नगर के खेरापति मंदिर को लेकर बताया जाता है कि यहां पर जिले से ही नही बल्कि अन्य जिलों से भी साल भर भक्तों का आना जाना लगा रहता है। क्योंकि जो भी भक्त अपनी कामना लेकर आता है तो खाली हाथ नही लोटता है।

### कैरियर मार्गदर्शन सप्ताह का हुआ आयोजन



चीचली। विकास खंड चीचली के उत्कृष्ट विद्यालय में समग्र शिक्षा अभियान के तहत हायर सेकेंडरी एजुकेशन कार्यालय के निर्देशानुसार कैरियर गाइडेंस सप्ताह का आयोजन किया गया। इस आयोजन के अंतर्गत द्वितीय दिवस पर निर्देशित यूट्यूब वेब लिंक के द्वारा छात्रों को प्रेजेंटेशन दिखाए गए। वही तृतीय दिवस में पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान द्वारा कैरियर परामर्श और मार्ग दर्शन पर हुनर से होनहार बने" वीडियो प्रसारित किया गया। कैरियर निर्माण के विभिन्न अवसर, संभावनाओं और क्षेत्रों को एक्सप्लोर करने पर अभिचर्चा भी की गई।साथ ही शिक्षकों / प्रशिक्षकों द्वारा कैरियर निर्माण और प्रबंधन से संबंधित छात्रों के विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य भूपेश ठाकुर ने कैरियर के संवर्धन के लिए स्मार्ट लक्ष्य अवधारणा के बारे में विस्तार से समझाकर छात्रों को सकारात्मक दृष्टि कोण और संयमित महत्वकांक्षा की बात कही गई। वही विद्यालय के व्यावसायिक प्रभारी सत्यम ताम्रकार ने व्यावसायिक शिक्षा का महत्व रेखांकित करते हुए विभिन्न व्यावसायिक ट्रेड्स में उपलब्ध अवसरों की पहचान कराते हुये उनके द्वारा व्यवसायिक शिक्षा से रोजगार प्राप्त करने और आत्मनिर्भर बनने के विकल्पों को भी उजागर किया। विद्यालय के व्यावसायिक प्रशिक्षक सरफराज मोहम्मद तथा दिनेश गर्ग द्वारा सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास के विभिन्न आयामों एवं तकनीकों पर प्रकाश डालते हुये उनके द्वारा विभिन्न शासकीय सेवाओं के चयन प्रक्रिया से छात्रों को अवगत कराया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के समस्त शैक्षणिक स्टाफ के सहयोग से प्राचार्य भूपेश ठाकुर के मार्ग दर्शन तथा व्यावसायिक प्रभारी सत्यम ताम्रकार के निर्देशन में किया गया।





## राधा कृष्ण मंदिर में स्थापित 551 घट जवारों को धूमधाम के साथ दी विदाई

# नौ दिन नो माई दसम दिन विदाई लो चली मोरी माँ

हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।











इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जब भक्तों द्वारा मातारानी की 9 दिनों तक सेवा करते हुये आराधना की जाती है और उनकी विदाई का समय आता है तो उनकी आंखे नम होने से नही चूक पाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये बुधवार को सालीचौका नगर में उस समय देखने मिली जब नगर की सेठानी माई के विदाई का पल आया और लोगों की आंखों में मातारानी से जुदाई का मंजर अपने आप ही फूटते हुये नजर आने से नही चूक रहा था। ज्ञात हो कि नगर के राधाकृष्ण मंदिर पर हर साल की तरह इस वर्ष स्थापित किये गये 551 घट कलश के साथ माँ दुर्गा की प्रतिमा के चलते सालीचौका वासियों द्वारा इसे नगर की सेठानी माई का नाम देते हुये लगातार 9 दिनों तक पूजन अर्चन किया गया। प्रतिदिन देखा जाता था कि जब शाम के वक्त मातारानी की आरती का समय होता था तो नगर के लोग एकत्र होकर जगत जननी की आराधना में इस तरल लीन नजर आते थें कि जो भी भक्त माता रानी के समक्ष आरती की थाल घुमाता था के शरीर में अपने आप ही भाव आने से नही चूक पाते थें। इसी के चलते मातारानी की आराधना के चलते आने वाले भावों के बीच महिला पुरूष जहां नृत्य करते हुये देखे जाते थें। वही जगत जननी की होने वाले आरती के स्वर सालीचौका सहित आसपास के क्षेत्र में गूंजने के चलते संपूर्ण क्षेत्र का महौल लगातार 9 दिनों तक धर्ममय होने से नही चूक पाया था। मगर जब बीते हुये बुधवार को मातारानी की विदाई का समय आया तो लोगों के आंखों में जगत जननी से जुदा होने की मंजर अपने आप ही ऊभर का दिखाई देना शुरू हो गया था और जब दुर्गा प्रतिमा सहित 551 जबारा कलशों का विसर्जन शुरू होने के बीच लोगों के कानों में नौ दिन नो माई दसम दिन बिदाई लो चली मोरी माँ...के स्वर गूंजे तो लोग रोने से नही चूक पा रहे थें। इस तरह नगर की सेठानी माई के जबारा कलश का भव्य जुलूस बडे ही धूमधाम के साथ निकाला गया। वही दूसरी ओर जबारा कलश विसर्जन में जब अपने सिर पर घट कलश लेकर महिलाये नगर की सड़को पर निकली तो अनोखा मनोरज दृश्य दिखाई देने लगा। वही दूसरी ओर जबारा विसर्जन जुलूस में शामिल पंडाओं का हाल तो इस तरह देखने मिल रहा था कि वह मातारानी का नाम लेकर जिस तरह अपने गालों से लेकर जीभ में आर पार त्रिशूल करने के साथ लोहे की कील युक्त देवी के खाडऊ रूपी पटरी पर नृत्य करने से नही चूक रहे थें। इस तरह बुधवार को नगर की सेठानी माई के विसर्जन जुलूस के दौरान सबसे आकर्षण का केन्द्र वह देवी भक्त पंडा रहे जो अपने गालों के आरपार किये गये त्रिशूलों के बीच पालकी बनाकर देवी स्वरूपा कन्या को उस पालकी में बैठाकर चल रहे थें। इस तरह बताया जाता है कि नगर सालीचौका राधा कृष्ण मंदिर पर जवारों की स्थापना बीते हुये 12 वर्षो से लगातार की जा रही है उसमें संपूर्ण नगर के लोगों द्वारा 9 दिनों तक मातारानी की आराधना में मग्न होते हुये देखे जाते है। वैसे तो शरद में पड़नी वाली नवरात्र के दौरान हर जगह देवी प्रतिमाओं की स्थापना की जाती है। मगर हमारे यहां चैत्र नवरात्र में जबारों के साथ साथ देवी प्रतिमा की स्थापना करते हुये उनकी पूजन अर्चन किया गया। वही दूसरी ओर जब इन जबारों व कलश का विसर्जन होता है कि तो नगर की गलियों को लोगों द्वारा ठंडे जल से सिंचाई करने के साथ जिन लोगों के घरों के सामने से यह विसर्जन जुलूस निकलता है वह बडे ही श्रद्वा भाव के साथ सुख समृद्वि की कामना के साथ मातारानी की पूजन करते हुये देखे जाते है। इस तरह यह 551 घट जबारा विसर्जन जूलुल अपने स्थापना स्थल से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गो से निकलते हुये नगर की रखवारी करने वाली माँ खेरापति के मंदिर पहुंचा। इसके बाद विशाल कन्या भोज के उपरांत आयोजित हुये भंडारे में सकडो की समय में भक्तों ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की गई। सालीचौका में चैत्र नवरात्र के दौरान आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम के संबंध में जब लोगों से चर्चा की गई तो नगर के लोगों का कहना है कि हम नगरवासियों के लिये यह बडा सौभाग्य है कि हम लोगों को 9 दिनों तक मातारानी की आराधना करने का अवसर मिलता है। इस तरह नगर में बीते हुये 12 वर्षो से राधा कृष्ण मंदिर में स्थापित होने वाले जबारे हम सालीचौका वासियों के लिये माँ जगत जननी की आराधना का आर्शीवाद होता है। जब चैत्र नवरात्र आने की अवसर होता है कि तो नगर का हर व्यक्ति इस बात को लेकर इंतजार करते हुये देखा जाता है कि हमें अब 9 दिनों तक माँ जगदम्बे की आराधना व सेवा करने का असवर मिलेगा। इस तरह नगर के राधाकृष्ण मंदिर पर स्थापित होने वाले जबारे व मातारानी की प्रतिमा को हम लोगों द्वारा नगर की सेठानी माई का नाम इसलिये दिया गया है कि जिस तरह किसी घर का मुखिया का दायित्व होता है कि वह कीतनी बड़ी परेशानी क्यो न हो उसका निदान व सामना खुद ही कर लेता है। मगर अपने परिवार पर उसकी आंच नही आने देता है। इस प्रकार से नगर की सेठानी माई भी हम सालीचौकावासियों की रक्षा करने में कोई कसर नही छोड़ती है। वह अपने बच्चों की रक्षा के लिये सदा ही अपना आर्शीवाद रूपी हाथ हम लोगों के सिर की ऊपर रखे रहती है। इस तरह जवारा विसर्जन जुलूस में शामिल एक महिला से चर्चा की गई तो उसका का कहना था कि वैसे तो चैत्र नवरात्रि पर मैंने अपना पूरा ध्यान मॉ दुर्गा की आराधना, उपासना में लगा दिया था। मगर नगर की सेठानी माई के जवारा विसर्जन जुलूस में मुझे घट कलश रखने का जो सौभाग्य मिला है उससे आज मुझे ऐसा लग रहा है मुझे पूरी तरह आत्म शांति मिल गयी है। क्योंकि माँ भवानी जहां अपने हर भक्त की संकटों से रक्षा करने वाली होती है वही उनकी आराधना का परिणाम यह होता है कि भक्त का परिवार कभी संकटों से नही घिरता है। वही अन्य एक दूसरी महिला का कहना था कि मॉ दुर्गा ऋद्धि, सिद्धि प्रदान करने वाली है और भक्तों का कल्याण करने सदा तत्पर रहती है। वैसे तो मैने चैत्र नवरात्रि के पूरे नौ दिनों तक मैने बडे ही श्रद्वा के साथ नगर की सेठान माई मॉ दुर्गा की पूजन की गई। वही जब आज उनकी बिदाई बेला आई तो मुझे उनके विसर्जन जुलूस में शामिल होने का सौभाग्य जरूर मिला मगर मातारानी से जुदा होने का दुख मेरी आंखों में आंसूओं के रूप में ऊभर कर सामनेआने से नही चूक पा रहा है। मेरे द्वारा माँ भगवती से यही कामना है कि वह क्षेत्रवसियों पर सदा अपनी कृपा रखते हुए किसी भी संकट को आने के पहले ही उसे यहां से भगाने हेतु हम भक्तों की रक्षा कवच बनाकर शक्ति प्रदान करे।

## दुकान की शटर तोड़कर चांदी पार करने वाले आरोपियों को गाडरवारा पुलिस ने महाराष्ट्र से किया गिरफ्तार, आरोपियों के पास से जप्त की गई चुराई गई चांदी







चांदी हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

कहा जाता है कि जब पुलिस अपनी पर आ जाती है तो चोर हो या फिर अन्य मामले के आरोपियों को खोजने में पुलिस सात समुद्र के उस पार से तक खोजने में सफल हो जाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई गाडरवारा में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व टीआई विक्रम रजक की जुगल जोड़ी ने कर दिया गया है। एक माह पहले नगर में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम महाराष्ट्र प्रांत में खोजते हुये चोरी की गई चांदी को जप्त करने में सफलता प्राप्त ही गई है। इस सफलता का खुलासा करते हुये उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा द्वारा पत्रकारों को जानकारी देते हुये बताया कि इस समय जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के द्वारा संपूर्ण जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं संपत्ति संबंधी अपराधियों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने हेतु लगातार अभियान चलाते हुये चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपियों की धरपकड़ की जा रही है। इसी प्रकार से बीते हुये लगभग एम माह पहले नगर के राघाबल्लभ वार्ड निवासी प्रार्थी शंकर पिता तुकाराम तरसे द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया था कि 12-13 मार्च की दरम्यानी रात को किसी अज्ञात चोरों द्वारा छोटा सराफा क्षेत्र में स्थित सोना चांदी गलाई दुकान में घुसकर लगभग 1 किलो कच्ची चांदी गलाई का कचरा व चांदी पाउडर चोरी कर लिया गया है जिसकी अनुमानित कीमत एक लाख रूपया के लगभग होगी। इस मामले को नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा गंभीरता से लेते हुये अज्ञात चोर के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया। वही मामले की जांच करने के लिये जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया एवं उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के निर्देशन में छोटा सराफा बाजार में हुई चाँदी चोरी की घटना की गंभीरता के मद्देनजर थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम रजक के नेतृत्व में पुलिस टीम गठन किया गया। टीआई विक्रम रजक के नेतृत्व में बनाई गई टीम में मुख्य रूप से निरीक्षक विक्रम रजक के आलवा उप निरीक्षक उप निरीक्षक श्रीराम रघुवंशी, उप निरीक्षक नीलेश बड़कुर व संदिग्धों को बाज की तरह पहचाने में माहिर माने जाने वाले सहायक उप निरीक्षक राजेश शर्मा, आरक्षक कमलेश, दिनेश पटैल, शिवम पटैल, सुजीत बागरी, बालकृष्ण रघुवंशी, ऐश्वर्य वेंकट, राकेश चौधरी तथा कुमुद पाठक को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा अज्ञात आरोपीगण की तलाश पतासाजी के लगातार प्रयास किये गये। प्रकरण की विवेचना दौरान मुखबिर तंत्र सहित तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम के द्वारा महाराष्ट्र से प्रकरण से संदेहीयान को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। इस तरह संदेह के आधार पर पकड़े गये आरोपियों ने पूछताछ सुग्रीव पिता हनुमत भोंसले उम्र 41 साल निवासी शोलपुर महाराष्ट्र व शैलेष पिता उत्तम पाटिल उम्र 33 साल निवासी ग्राम बायफले तहसील तासगांव जिला सांगली महाराष्ट्र एवं नवनाथ पिता पोपट जाधव उम्र 42 साल निवासी गारवाड थाना मालसिरन जिला सोलापुर महाराष्ट्र ने चोरी की घटना को स्वीकार करते हुये बताया कि पैसों की तंगी से परेशान होकर चोरी करने की योजना बनाई थी। चूँकि शैलेष पाटिल पूर्व में गाडरवारा में सोने चाँदी के आभूषणों के गलाई का काम करता था। इस तरह शैलेष ने अपने अन्य साथियों को बताया कि गाडरवारा में गलाई दुकानो में चोरी की जा सकती है। पुलिस ने अपने खुलासे के दौरान उजागर किया कि इसी के चलते तीनो आरोपियों द्वारा घटना दिनांक को अलग अलग ट्रेनों से गाडरवारा स्टेशन पहुँचे और शैलेष पाटिल के बताये स्थान शंकर तरसे की गणेश मंदिर झण्डा चौक के पास सोने चाँदी की दुकान पहुँच कर। अपनी योजना के तहत उक्त दुकान की शटर का ताला तोडकर दुकान के अंदर प्रवेश करने के साथ ही दुकान में रखी करीब एक किलो कच्ची चाँदी, गलाई का कचडा व बाल्टी में रखे पावडर को उसी दुकान की गलाई भट्टी में डालकर गलाकर चाँदी की एक पग्गा/सिल्ली बनाई और चोरी की घटना को अंजाम देते हुये फरार हो गये। इस तरह गाडरवारा पुलिस के द्वारा महाराष्ट्र प्रांत से पकड़े गये उन तीनों आरोपीगण के कब्जे से चोरी की गई 901 ग्राम चाँदी को जप्त करने के साथ साथ आरोपियों को गिरप्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। इस तरह गिरप्तार किये गये आरोपियों को मा न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर इस सोच के चलते पूछताछ की जा रही है कि हो सकता है कि अन्य जगहों पर हुई चोरियों का राज खुल जावे।

## जैन समुदाय द्वारा किया गया विश्व णमोकार मंत्र दिवस पर अयोजन



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

संपूर्ण विश्व में विश्व शांति के लिये दिगंबर,श्वेतांबर व समैया गुजराती एक साथ विश्व णमोकार मंत्र दिवस का आयोजन किया गया। महामंत्र नमोकार का पाठ पूरे देश के साथ साथ विदेशों में भी जैन धर्म द्वारा किया जाता है। इस अनादिमूल मंत्र को समस्त विश्व ने शांति और सद्भावना स्थापित करने के लिए सुबह 7 बजे से 9:30 बजे तक नमोकार महा मंत्र का पाठ में सभी जाति,धर्म ने इसमें अपनी सहभागिता दी गई। पहली बार इतने बड़े स्तर पर नमोकार महा मंत्र का एक साथ हर जाति वर्ग के लोगो ने आराधना की गई। इस तरह बीते हुये 9अप्रैल को णमोकार दिवस के रूप में मनाया गया। इसी प्रकार से नगर गाडरवारा में भी सभी मंदिरों में समस्त जैन समाज ने एकतित्रित होकर भक्ति भाव से महामंत्र नमोकार की आराधना विश्व शांति के लिए करने के साथ सभी जैन समाज महिलायें पीली साड़ी और पुरुष वर्ग सफ़ेद धोती दुपट्टा वस्त्र धारण करते हुये मंदिरों में एकत्रित होकर सुबह 8बजे से 8:30 तक पवित्र मंत्र की शक्ति व श्रद्वा से पूरे विश्व में शांति, प्रेम सद्भावना, एकता,समानता तथा किसी का किसी से वैरभाव ना रहे इस सोच के चलते किया गया। बताया जाता है कि यह मंत्र आनदिकाल से है इसलीय इसे अनादि मंत्र भी कहते है। यह इतना शक्ति शाली है अनेक संकट दूर होते है। इसी के चलते जैन समाज की इस पहल में पूरे विश्व ने एकता दिखाई देती है।



## खबर संक्षेप



### युवा क्रिकेट क्लब की रमपुरी पर शानदार जीत

**डिंडौरी।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पिंडरूखी में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हैं। जिसमें बुधवार को रमपुरी तथा युवा क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए युवा क्रिकेट क्लब के बल्लेबाज भानु, रवि और शोभा के 14, 14 रन एवं हेमंत ने अपने टीम के लिए 12 रनों का महत्वपूर्ण पारी के बदौलत निर्धारित 8 ओवर में 57 रन बनाकर 58 रनों का लक्ष्य रमपुरी के सामने जीत के लिए रखा। रमपुरी की ओर से गेंदबाजी करते हुए जीतेन्द्र एवं अनिल ने 2, 2 विकेट हासिल किए। 58 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रमपुरी की शुरुआत काफी खराब रही और पूरी टीम 52 रनों पर आउट हो गई। रमपुरी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए मुन्ना और राजा ने क्रमशः 10,10 रनों की परी खेली। युवा क्रिकेट क्लब की तरफ से सचिन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट, श्रीचंद ने 3 विकेट तथा प्रताप ने 2 विकेट हासिल किए। युवा क्रिकेट क्लब ने इस जीत के साथ तीसरे राउंड में प्रवेश किया।

### जल सहेजने हेतु चौपाल रैली दीवार लेखन एवं श्रमदान से ग्रामवासियों को किया जा रहा जागरूक



**अमरपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अमरपुर द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान 31 मार्च से 30 जून के तहत शासन के निर्देशानुसार तथा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चौहान और विकासखंड समन्वयक अमर लाल धुर्वे के नेतृत्व में अमरपुर विकासखंड के प्रस्फुटन ग्रामों में चौपाल के माध्यम से ग्राम वासियों को जल के महत्व को बताते जल संरक्षण हेतु बरसात के दिनों में खेत का पानी खेत में, घर का पानी घर में, गांव का पानी गांव में तथा पौधारोपण के माध्यम से जल का स्तर को बढ़ाया जा सकता हैं। साथ में दीवार लेखन जल संरक्षण हेतु शपथ तथा श्रमदान कर छोटे-छोटे नदी नाले कुंए हैंडपंप के आसपास तथा जल स्रोतों की साफ सफाई लगातार प्रतिदिन की जा रही हैं। इस कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के योजना अंतर्गत समस्त नवांकुर संस्थाएं, प्रस्फुटन समिति के कार्यकर्ता **cmcldp** मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के मेंटर एवं छात्र-छात्राएं तथा ग्रामवासियों द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम में अपना महत्वपूर्ण समय देकर लोगों को जागरुक कर रहे हैं।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर की बैठक संपन्न



**अमरपुर।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी अमरपुर द्वारा आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक का अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर द्वारा किया गया। आयोजित बैठक में सदस्यता अभियान, संगठन को मजबूत बनाना, मिशन सच्चाई के साथी, वार्ड से लेकर ब्लाक स्तर तक कमेटियों का गठन करना एवं 14 अप्रैल बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी का जन्म जयंती मानना आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से ब्लाक अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर, तोक सिंह मरावी, आदिवासी कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष केवल नेटी, मंडलम अध्यक्ष भानपुर खालिद खान, आदिवासी कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष चमरू चड़चड़िया, गिरीश सैयाम खजरी, ओम प्रकाश उद्दे, रनमत सिंह उइके, लियाकत अली आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मां शारदा टेकरी से निकला भव्य जवारा जुलूस



**शहपुरा।** नगर में मंगलवार को नवरात्रि पर्व के अवसर पर शक्ति उपासना की अनुपम छटा देखने को मिली। शहपुरा स्थित शारदा टेकरी मंदिर से भव्य जवारा विसर्जन जुलूस निकाला गया, जिसमें श्रद्धालु भक्ति भाव में सराबोर नजर आए। माता रानी की भक्ति में झूमते हुए मातृशक्ति ने सिर पर जवारा कलश धारण किए और श्रद्धा व उल्लास से ओतप्रोत वातावरण बना दिया।

## हाई कोर्ट के आदेश पर चला बुलडोजर, पुलिस-राजस्व की संयुक्त कार्रवाई

# ग्रामीणों ने किया विरोध, समझाइश के बाद टूटा अतिक्रमण

अमरपुर जनपद पंचायत क्षेत्र के खरगहना गांव में बुधवार को हाई कोर्ट के आदेश के पालन में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्वाई की।

डिंडौरी ।





अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम को पहले गांव के लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा, लेकिन समझाइश और प्रशासनिक सख्ती के बाद आखिरकार सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया गया। कार्रवाई के दौरान मौके पर जेसीबी मशीन के साथ पुलिस बल और राजस्व अमला मौजूद रहा।

### महिला की याचिका बनी कार्रवाई की वजह

दरअसल, गांव की निवासी लीला बाई ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर शिकायत की थी कि कुछ ग्रामीणों ने शासकीय भूमि पर कब्जा कर उसके घर का मुख्य रास्ता बंद कर दिया है। कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 13 अप्रैल को डिंडोरी कलेक्टर को आदेश दिया कि वह स्वयं प्रकरण की सुनवाई करें और अतिक्रमण हटाकर 30 दिन के भीतर कोर्ट को रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

### कोर्ट के निर्देशों का पालन जरूरी

एसडीएम भारती मरावी ने बताया कि कोर्ट के स्पष्ट निर्देश मिलने के बाद ही यह कार्रवाई की गई है। "हमने पहले ग्रामीणों से स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील की थी। कुछ लोगों ने स्वेच्छा से दीवालें हटाई, लेकिन विवादित स्थान पर देवी-देवताओं की तस्वीरें और महापुरुषों के चित्र लगे होने के कारण मामला संवेदनशील था। समझाइश के बाद वहां से अतिक्रमण हटाया गया।"

### ग्रामीणों ने जताया विरोध, बताया सार्वजनिक स्थल

कार्रवाई के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध करते हुए दावा किया कि जिस जमीन पर कार्रवाई की गई, वह पिछले 25 वर्षों से ग्राम कोटवार रामविशाल के उपयोग में थी और वहां पर ग्रामीण प्रतिवर्ष दुर्गा प्रतिमा की स्थापना करते थे। ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में उस स्थान पर एक मंच का निर्माण कार्य श्रमदान से शुरू किया गया था, जिसकी सहमति गांव के अधिकतर लोगों ने दी थी। ग्रामीण मंगल सिंह ने कहा, "यह जमीन सार्वजनिक उपयोग में रही है, इसे अतिक्रमण कहना गलत है। अब हम भी न्याय के लिए कोर्ट की शरण लेंगे।"

# शास. महावि. बजाग में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन संपन्न




न्यूज।

शासकीय महाविद्यालय बजाग में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ 1 इस अवसर पर *स्वतंत्रता -संग्राम आंदोलन मे आदिवासी जननायकों का योगदान* शीर्षक पर एक दिवसीय संगोष्ठी कार्यक्रम तथा प्रदर्शनी अवलोकन का आयोजन किया गया 1 उक्त कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रेरित करने हेतु बुद्धिजीवी वक्तागण आमंत्रित हुए जिसमें प्रथम मुख्य वक्ता पंकज तेकाम, कार्यक्रम के द्वितीय वक्ता के रूप में महेश धूमकेती उपस्थित रहे वक्ता के रूप में पंकज तेकाम ने अपने उद्बोधन मे आज के परिवेश मे आदिवासियों की आधुनिक भारत की अनेक समस्याओं के समाधान मे योगदान पर प्रकाश डाला वही, कार्यक्रम के वक्ता के रूप में महेश धूमकेती ने स्वतंत्रता-संग्राम मे आदिवासी जनजाति के जननायकों की वीरगाथाएं एवं आदिवासीयों के जीवन दर्शन, ऐतिहासिक जगहों, एवं उनकी वर्तमान मे आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक परिदृश्य आदि पर विस्तृत व्याख्यान प्रेषित किया,कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ मनोज कुशवाह ने अपने उद्बोधन मे आदिवासियों के लिए केंद्र सरकार, राज्य सरकार के उनके उठाये जाने वाले सुधारात्मक नीतियों प्रयासों के सन्दर्भ मे बताया इसी तारतम्य मे इस एकदिवसीय संगोष्ठी कार्यक्रम के प्रथम सत्र मे अपने - अपने विचार प्रगट किये द्वितीय सत्र मे प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन अरविन्द डहेरिया जी द्वारा किया गया महाविद्यालय के समस्त छात्र / छात्राओं एवं समस्त स्टाफ का सहयोग व सहभागिता रही!



## पूर्व घोषणाओं को लागू करे सरकार, अतिथि शिक्षकों की डिंडौरी में गुहार

# छह माह से मानदेय से वंचित अतिथि शिक्षक, सौंपा ज्ञापन

**डिंडौरी।** आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ द्वारा प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत जिला डिंडोरी में सरकार का ध्यान आकर्षित करने हेतु एक ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन जिला अध्यक्ष त्रिलोक सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सौंपा गया, जिसमें अतिथि शिक्षकों की समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 2 सितंबर 2023 को अतिथि शिक्षक महापंचायत में की गई घोषणाओं को वर्तमान सरकार क्रियान्वित करे और अतिथि शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित करने हेतु ठोस कदम उठाए। अतिथि शिक्षकों ने सरकार से वचन निभाने की मांग करते हुए कहा कि लंबे समय से वे असुरक्षा और अनिश्चितता की स्थिति में कार्य कर रहे हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जनजातीय कार्य विकास विभाग, मध्य प्रदेश सरकार के अधीन कार्यरत जिलों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को विगत 6 माह से मानदेय नहीं मिला है। इस देरी से शिक्षकों के सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। मानदेय का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने की मांग भी की गई। इसके अतिरिक्त, पूर्व में स्थानांतरण, प्रमोशन या उच्च पदस्थापना के कारण प्रभावित हुए अनुभवी अतिथि शिक्षकों को वरीयता देकर पुनः सेवा का लाभ देने की भी अपील की गई। साथ ही, संघ ने यह स्पष्ट रूप से मांग रखी कि वर्तमान में और भविष्य में अतिथि शिक्षकों की नई भर्ती प्रक्रिया को पूर्णतः रोका जाए, ताकि वर्तमान कार्यरत शिक्षकों को न्याय मिल सके कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वीरेंद्र शास्त्री, नीरज बिल्थरे, धनेश नंदा, राहुल सुर्जे, दीपक ठाकुर, लक्ष्मण दुबे, तुलसीराम ठाकुर, विनय सिंह समेत कई अन्य अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में सरकार से अपने वादों को निभाने और अतिथि शिक्षकों को उनका अधिकार देने की अपील की।

# ग्रामीणों ने दिखाई जागरूकता, नदी-नालों की सफाई और जल संरक्षण का दिया संदेश



डिंडौरी न्यूज ।

जिले के विभिन्न ग्रामों में मंगलवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत स्वच्छता और जल संरक्षण को लेकर एक व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जन अभियान परिषद के नेतृत्व में नवांकुर संस्था एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्यों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर जल स्रोतों, नदी-नालों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

### चौपालों और रैलियों के जरिए ग्रामीणों को किया गया जागरूक

अभियान के तहत गांव-गांव में चौपालों का आयोजन कर जल संरक्षण के महत्व पर संवाद स्थापित किया गया। रैलियों के माध्यम से "जल है तो कल है", "पानी बचाओ, जीवन बचाओ" जैसे प्रेरक नारों के साथ ग्रामीणों को जल के महत्व से अवगत कराया गया।दीवार लेखन और स्लोगनों के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया, जिससे गांवों में जागरूकता का माहौल बना।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में की गई पहल

अभियान के अंतर्गत कई ग्रामों में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी प्रभावी पहल की गई। बच्चों, महिलाओं और युवाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने कार्यक्रम को एक जन आंदोलन का रूप दे दिया।

### जन अभियान परिषद का संकल्पः हर गांव में बने जल संरक्षण की चेतना

जन अभियान परिषद के सदस्यों ने बताया कि यह अभियान केवल एक दिन का नहीं, बल्कि सतत रूप से जारी रहने वाला प्रयास है। उनका उद्देश्य है कि हर ग्रामवासी जल संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी समझे और इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाए।

# शक बना जानलेवा, पत्नी से अवैध संबंध के शक में दोस्त की हत्या, पुलिस ने 48 घंटे में पकड़ा

डिंडौरी ।



शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गनवाही निवासी भूपेन्द्र यादव (34 वर्ष) की निर्मम हत्या के मामले में शाहपुर पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर सनसनीखेज खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी चन्द्रभान उर्फ चंदू मसराम और उसके एक नाबालिग साथी को गिरफ्तार कर लिया है। दिनांक 05 अप्रैल को मृतक के पिता रूपालाल यादव ने शाहपुर थाना में सूचना दी थी कि भूपेन्द्र की लाश गनवाही और मुड़की के बीच स्थित मुड़की डेम के पुल के नीचे पानी में पड़ी है, जबकि पुल पर खून फैला हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद पाया कि धारदार हथियार से सिर और गर्दन पर वार कर उसकी हत्या की गई है। मामले में अपराध क्रमांक 125/2025 धारा 103(1), 238 BNS के तहत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा और एसडीओपी शहपुरा मुकेश अभिद्रा के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित कर जांच आगे बढ़ाई गई। जांच में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी चन्द्रभान मसराम को अपनी पत्नी और मृतक भूपेन्द्र के बीच अवैध संबंध होने का शक था। इसी जलन और शक के चलते आरोपी ने नाबालिग साथी के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। हत्या की रात 04 अप्रैल को आरोपी ने अपने साथी से मृतक की लोकेशन की जानकारी ली। जब यह पुष्टि हुई कि भूपेन्द्र ग्राम मुड़की में है, तो आरोपी ने मुड़की डेम की बड़ी पुल पर घात लगाई। रात लगभग 12 बजे जब भूपेन्द्र वहां से लौट रहा था, तभी दोनों ने कुल्हाड़ी से उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद शव को बोरे में पत्थर भरकर मृतक के लोवर से बांधा गया और बांध के पानी में फेंक दिया गया। साथ ही उसकी मोटरसाइकिल (क्रमांक MP52ZB 1518) को भी पुल के दूसरे छोर से पानी में फेंका गया। घटना के बाद SDRF की रेस्क्यू टीम की सहायता से शव और मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। पुलिस ने घटनास्थल से खून, बाल और अन्य भौतिक साक्ष्य जुटाकर आरोपी चन्द्रभान और उसके नाबालिग साथी को गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, आरोपी के घटना के समय पहने कपड़े और उनकी मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया है। दोनों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।इस मामले के सफल खुलासे में थाना प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक संतोष उईके, रामप्रसाद यादव, प्रधान आरक्षक राजकुमार जायसवाल, छोटेलाल देशिया, आरक्षक कमलेश भवेदी, उज्ज्वल यादव, बृजेश मरावी और मुकेश प्रधान की अहम भूमिका रही।

# उच्च न्यायालय के आदेश पर शासकीय जमीन पर बने पीएम आवास पर चला बुलडोजर

## मामला शहपुरा बिछिया क्षेत्र ग्राम देवरी कला का

शहपुरा



ऐश्वर्य वर्मा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शहपुरा के निर्देशन में ग्राम देवरी कला (बिछिया) प ह न 58 रा. नि.म.बिछिया में तहसील शहपुरा अंतर्गत भूमि ख न 111 मद मध्य प्रदेश शासन कुल रकबा 0.09 हेक्टर भूमि में से 120 वर्ग मीटर भूमि में अवैध कब्जा कर निर्मित पीएम आवास मकान को माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार, न्यायालय तहसीलदार शहपुरा के द्वारा विधिवत सुनवाई कर अनावेदकों को सूचना उपरान्त कब्जा न हटाने के पर दिनांक 08.04.2025 को गठित राजस्व दल, पुलिस बल शहपुरा के संयुक्त टीम के द्वारा निर्मित मकान को तोड़कर अवैध अतिक्रमण कब्जा को हटवाया गया ।उक्त कार्यवाही में पुष्पेंद्र पंद्रे तहसीलदार शहपुरा, सुखमन कुलेश नायब तहसीलदार रैपुरा, राजस्व निरीक्षक, गठित पटवारी दल, पुलिस का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### इनका कहना है

पूर्व मैं भी एसडीएम के निर्देशन पर उन्हें समय-समय पर नोटिस दिया गया था उसके उपरांत भी उक्त व्यक्ति के द्वारा रोक लगी होने के बाद भी काम कराया गया मान.उच्च न्यायालय के आदेश के बाद मकान को जेसीबी से तोड़ कब्जा हटवाया गया।

**पुष्पेंद्र पेंद्रे तहसीलदार शहपुरा**

## खबर संक्षेप

### छेड़छाड़ में मामले में 9 बाद भी नही हुई कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पीड़ित परिवार द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई। बताया गया कि आरोपी द्वारा उसके घर पर घुसकर छेड़छाड़ की गई। जिस पर मामला दर्ज होने के बाद 9 बीत जाने पर भी कार्रवाई नही की गई। जबकि उक्त मामले मे आरोपी के विरूद्ध पास्को सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस द्वारा कार्रवाई मे सुस्ती दिखाई जा रही है।

### सर्वधर्म मिलन समारोह आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** ईद-उल-फितर, श्रीरामनवमी, बैसाखी, महावीर जयंती और गुड फ्राइडे के पावन अवसर पर एक सर्वधर्म मिलन समारोह का आयोजन 10 अप्रैल को शाम 4 बजे एकता वाटिका सच्चिदानंद आश्रम किया जा रहा है। कार्यक्रम आयोजक समन्वय परिवार, नरसिंहपुर, सच्चिदानंद आश्रम ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

### ट्रक ने मारी टक्कर 1 मौत, एक घायल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस टेक्टर से पानी ले जा रहे टेंकर को ट्रक ने टक्कर मार दी। पुलिस से मिली जानकारी ग्राम सलैया निवासी दो युवक टेक्टर से टेंकर में पानी भर कर ले जा रहे थे तभी जलसा ढाबा के पास ट्रक द्वारा टक्कर मार दी गई। जिससे राकेश यादव, अनिल यादव निवासी सलैया थाना मुंगवानी बताए गए। घायलों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा राकेश यादव को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का मर्ग प्रकरण तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया। वही दूसरे को उपचार जारी है।

### 108 चालकों ने एसपी को दिया आवेदन

**हरिभूमि न्यूज -नरसिंहपुर।** बुधवार को 108 चालकों द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई। आवेदन मे बताया गया कि मचवारा से मरीज को उपचार हेतु अस्पताल लाने के लिए सूचना प्राप्त हुई। जिस पर मरीज को लेने गई एंबुलेंस चालक के साथ अभद्रता कर गाड़ी को रोका गया और पुलिस को बुलाया गया एवं एंबुलेंस को थाने ले गये । आवेदन मे बताया गया कि भगवत सिंह पटेल जो भाजपा मंडल अध्यक्ष उनके द्वारा रसूख व पद की धौंस देकर धमकाया गया।

## समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न

# प्राकृतिक एवं जैविक खेती को दें बढ़ावा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस सांसद चौ. दर्शन सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला विकास एवं निगरानी समिति- दिशा की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दूसरे दिन शिक्षा, खनिज, एनटीपीसी, सड़क परिवहन व राजमार्ग, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मंडी से संबंधित एवं अन्य विभागों के कार्यों, योजनाओं व उनके क्रियान्वयन और अभियानों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।**




### प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा

सांसद श्री सिंह ने मंडी सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि जिले की मंडियों में अपनी उपज लेकर आने वाले किसानों के लिए विश्राम गृह खुले रहें। किसानों के लिए कैंटीन चालू रहे। जिस उपज की दर राज्य शासन द्वारा निर्धारित की गई है, उसी दर पर खरीदी हो। जिले में प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने वाले किसानों का सम्मान जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया जाये। जिले में गन्ने की फसल का विक्रय करने वाले किसानों को जो भुगतान अभी नहीं हुआ है, वह भुगतान किया जाये। गन्ने से बनने वाले विभिन्न उत्पादों की व्यापक स्तर पर ब्राडिंग की जाये। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, विधायकद्वय विश्वनाथ सिंह पटेल व महेन्द्र नागेश, रामसनेही पाठक, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष सहित समिति के सदस्य, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, डीएफओ लवित भारती, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### राशन दुकानें खुलने हेतु निर्देश

बैठक में दिशा समिति के सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया कि राशन दुकानें समय पर नहीं खुलती हैं और सेल्समैन मौजूद नहीं रहते हैं। साथ ही निजी स्कूल संचालकों द्वारा अधिक दामों पर किताबें एवं स्कूल यूनिफार्म खरीदने अभिभावकों से कहा जाता है। इस पर सांसद श्री सिंह ने जिला आपूर्ति अधिकारी एवं उनके अधीनस्थ अमले को निर्देशित किया कि राशन दुकानें खुलने का समय व दिन जो निर्धारित किया गया है, वह दुकानों के बाहर प्रदर्शित किया जाये। पात्र हितग्राहियों को समय पर राशन वितरण सुनिश्चित करें। बच्चों एवं अभिभावकों के हित में यह सुनिश्चित करें कि पाठ्य- पुस्तकों एवं यूनिफार्म आदि में मनमानी नहीं हो। इस संबंध में निजी स्कूल संचालकों के साथ बैठक आयोजित कर निर्देशित किया जाये। शासकीय विद्यालयों में बनने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता कैसी है, यह भी अभिभावक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि जाकर देखें।

### अवैध उत्खनन पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

एनएचएआई की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों एवं डायवर्सन मार्गों पर संकेतक एवं दिशा सूचक चिन्हों को लगाया जाये। ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन हो। विभिन्न विभागों में प्रस्तावित निर्माण कार्यों के भूमिपूजन में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाये। दिव्यांगों के लिए यूडीआईडी कार्ड बनाने एवं उन्हें सहायक उपकरण दिये जाने के लिए हर तीन माह में शिविरों का आयोजन किया जाये। उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए नर्मदा नदी घाटों पर अवैध रेत उत्खनन करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने एवं रेत खदानों का संयुक्त निरीक्षण पुलिस, राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा करने के निर्देश दिये। बैठक के अंत में सांसद चै. दर्शन सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को पूरा करने पर जोर दिया जाये।

# नरवाई जलाने पर प्रतिबंध, होगी कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** वायु मंडल, पर्यावरण एवं भूमि की क्षति को दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक हित में नरसिंहपुर जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में नरवाई जलाने की प्रथा पर तत्काल अंकुश लगाने के लिए जिला दंडाधिकारी नरसिंहपुर श्रीमती शीतला पटले ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत प्रतिबंध लगाया है। जनसामान्य को बाधा, क्षति, मानव जीवन स्वास्थ्य, क्षेम के खतरे के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए जिले की सीमाओं में खेत में खड़े गेहूं के डंठलों (नरवाई) एवं फसल अवशेषों में आग लगाये जाने पर प्रतिबंध लगाया है। इस आदेश को दो माह की अवधि के लिए प्रभावशील किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। नरवाई में आग लगाने से भूमि में मौजूद माइक्रोब्ज की क्षति होती है। इसके साथ ही यह पर्यावरण की दृष्टि से भी हानिकारक है। इसके कारण विगत वर्षों में गंभीर अग्नि दुर्घटनायें घटित हुई हैं तथा व्यापक सम्पत्ति की हानि कारित हुई है। ग्रीष्म ऋतु में इससे जल संकट में बढ़ोत्तरी होती ही है, साथ ही कानून व्यवस्था के लिए भी विपरीत परिस्थितियां निर्मित होती हैं। राज्य शासन के पर्यावरण विभाग द्वारा वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम के अंतर्गत जारी अधिसूचना के प्रावधानों के अनुपालन में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश को वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए अधिसूचित किया गया है। मप्र में वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम के तहत नरवाई जलाना तत्समय से तत्काल प्रतिबंधित किया गया है, जो वर्तमान में निरंतर है। पर्यावरण विभाग द्वारा उक्त अधिसूचना के अंतर्गत नरवाई में आग लगान वालों के विरूद्ध क्षतिपूर्ति के लिए दंड का प्रावधान किया गया है। दो एकड़ तक के कृषकों को 2500 रुपये, दो से 5 एकड़ तक के कृषकों को 5 हजार रुपये और 5 एकड़ से बड़े कृषकों को 15 हजार रुपये का अर्थदंड प्रति घटना का प्रावधान किया गया है। जिला दंडाधिकारी नरसिंहपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार खेत की आग के अनियंत्रित होने पर जन, सम्पत्ति व प्राकृतिक वनस्पति, जीवजंतु आदि नष्ट हो जाते हैं, जिससे व्यापक परिस्थितिक नुकसान होता है। खेत की मिट्टी में प्राकृतिक रूप से पाये जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु इससे नष्ट होते हैं, जिससे खेत की उर्वरा शक्ति शनैरू शनैरू घट रही है और उत्पादन प्रभावित हो रहा है। खेत में पड़ा कचरा, भूसा, डंठल सड़ने के बाद भूमि को प्राकृतिक रूप से उपजाऊ बनाते हैं, इन्हें जलाकर नष्ट करना प्राकृतिक खाद्य को नष्ट करना है। आग लगाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जिले में कई कृषकों द्वारा रोटोवेटर व अन्य साधनों से गेहूं के डंठल खेत से हटाने के लिए साधन अपनाये जाने लगे हैं। अतरू कृषकों के पास वैकल्पिक सुविधा जो कि जनहित में भी उपलब्ध हो गई है। नरवाई जलाने से भूमि की लवण सांद्रता प्रभावित होती है, जो पौधों द्वारा पोषक तत्वों के अवशोषण की दर निर्धारित करती है। उल्लेखनीय है कि उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग नरसिंहपुर द्वारा संज्ञान में लाया गया है कि जिले में फसल कटाई के पश्चात अगली फसल के लिए खेत तैयार करने के लिए बहुसंख्यक कृषकों द्वारा अपनी सुविधा के लिए खेत में आग लगाकर फसल काटने के उपरांत भूमि में जड़ व डूढ (नरवाई) को नष्ट कर खेत साफ किया जाता है। इससे व्यापक अग्नि दुर्घटनायें होकर जन- धन की हानि होती है। इसे नरवाई में आग लगाने की प्रथा के नाम से भी जाना जाता है। नरवाई में आग लगाने पर प्रतिबंध लगाया जाना जनहित में आवश्यक है, जिस पर जिला दंडाधिकारी द्वारा उक्त आदेश जारी किया है।



## भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** काया योग एंड जुंबा फिटनेस सेंटर में भगवान महावीर स्वामी जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्र के सदस्यों और आगंतुकों ने भगवान महावीर की शिक्षाओं को याद किया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ सदस्यों संध्या कोठारी व अमिता ओसवाल ने भगवान महावीर की जीवनी और उनके द्वारा दिए गए संदेशों पर चर्चा की। इसके अलावा अन्य सदस्यों दीप्ति जैन, श्वेता जैन, स्नेहा जैन व पारुल जैन ने महावीर की शिक्षाओं को अपने जीवन में लागू करने के लिए कई सुझाव दिए और एक दूसरे को प्रेरित किया। काया योग सेंटर की संचालिकाओं सूश्री इंदु सिंह व नमिता जनोरिया ने कहा, भगवान महावीर की शिक्षाएं हमें अहिंसा, सत्य और आत्म-नियंत्रण के महत्व को समझने में मदद करती हैं। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों सरला पांडेय, कुसुम साहू, रमा पटेल, कीर्ति नेमा,किरण तखरया, ज्योति चौहान, अरुणा दुबे, संध्या साहू, वैष्णवी राय, रुचिका कोठारी, सुनीता हीरानी, रचना त्रिवेदी, नीता भारद्वाज, शिवांगी साहू, मुस्कान वासवानी, पूजा साहू, अंजू साहू, रानू श्रीवास्तव, राधा साहू, स्वाति सिंह, कीर्ति पालीवाल, नीना सिंह, मीना शर्मा, प्रीति पटेरिया, रुचि नेमा, कीर्ति साहू आदि ने महावीर की शिक्षाओं पर आधारित कई गतिविधियों में भाग लिया, जिनमें अर्हम योग, ध्यान और चर्चा सत्र भी शामिल थे।

### नरेगा के अंतर्गत अकुशल मजदूरी दर में संशोधन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** ग्रामीण विकास मंत्रलाय भारत सरकार के अनुसार महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत अकुशल श्रमिकों को प्रदाय मजदूरी दर में संशोधन किया है। उक्त अधिसूचना के अनुसार मप्र में महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत अकुशल स्त कर्मकारों की प्रतिदिन मजदूरी की दर 261 रुपये निर्धारित की गई है। यह मजदूरी दर एक अप्रैल 2025 से प्रभावशील होगी। अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक महात्मा गांधी नरेगा, जिला पंचायत नरसिंहपुर दलीप कुमार ने जिले की सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे नवीन संशोधित मजदूरी दर का व्यापक प्रचार- प्रसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में कराया जावे। नवीन दर के अनुरूप ही योजनांतर्गत प्रचलित कार्यों पर नियमानुसार मजदूरी भुगतान सुनिश्चित किया जावे।



### जवारों के दर्शन हेतु उमड़ रहे श्रद्धालु

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के ऐतिहासिक जवारों की स्थापना सदर मढ़िया मे सामूहिक जवारे समीति द्वारा किया गया। जवारों के दर्शन हेतु भक्तों का जनसैलाब उमड़ रहा है। प्रतिदिन हजारों की संख्या मे जवारों को दर्शन करने के लिए पहुंच रहे है। वही आयोजन समीति द्वारा प्रतिदिन विविध आयोजन किए जा रहे है।



### काचरकोना में हो रहा कंटूर ट्रेंच का निर्माण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जल संरक्षण के लिए जिले में विभिन्न निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। वर्षा जल को सहजने और भू- जल में वृद्धि लाने के लिए ये कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। नदियों और जल स्त्रोतों में बोरी बंधान के माध्यम से जल को सहजने के कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा ग्रामीणजनों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है। अभियान के दौरान मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में विकासखंड चांवरपाठा की ग्राम पंचायत काचरकोना में कंटूर ट्रेंच का निर्माण किया जा रहा है। यह कार्य नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति काचरकोना व बंधा, श्री स्वामी साधना सेवा समिति बिलथारी के नेतृत्व में किया जा रहा है। कंटूर ट्रेंच के निर्माण होने से वर्षा जल का संचय किया जा सकेगा। भू- जल स्तर के सुधार होगा और किसानों को सिंचाई के लिए पानी भी उपलब्ध हो सकेगा। इसके अलावा ग्रीष्मकाल में पशु- पक्षियों को पीने का पानी भी उपलब्ध होगा। इस अवसर पर नवांकुर संस्था के अध्यक्ष दीपक पटेल, सचिव दीपक कुमार डढोर, नवांकुर संस्था के बाबूलाल नोरिया, सीएमसीएलडीपी के मेंटर व छात्र और ग्रामवासी मौजूद थे। इस दौरान जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ भी ली।



## जवारे विर्सजन का सिलसिला जारी



**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में जवारे विर्सजन का सिलसिला जारी बना हुआ है।नौ दिनों तक चले शक्ति साधना के महापर्व चैत्रीय नवरात्रि पर्व के दौरान जगह जगह जवारे कलश की स्थापना की गई है।जो तिथी के अनुसार प्रतिदिन शोभायात्रा निकाली जा रही है।यह सिलसिला पूर्णिमा तक चलेगा।

# ढिलवार पंचायत में व्यापक आर्थिक अनियमिताएं

### थमाया गया नोटिस




**तेंदूखेड़ा।** चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत ढिलवार में व्याप्त घोर अनियमिताओं को लेकर जनपद पंचायत चांवरपाठा के एस डी ओ ने नोटिस थमा दिया है और विधिवत जांच करने के बाद उचित दंडात्मक कार्यवाही के लिए बोला है। गौरतलब रहे कि स्वतंत्रता संग्राम में अपनी महती भूमिका निभाने वाले ग्राम ढिलवार की पंचायत भ्रष्टाचार की चारागाह बन गई है। यहां पर महिला सरपंच के पति और सचिव ने मिलकर पंचायत के विभिन्न मदों में आने वाली राशि को जनहित में खर्च करने की बजाय स्वयं की व्यवस्थाओं में ही खर्च कर डाली है और विकास कार्यों के नाम पर केवल औपचारिकतायें ही निभाई है। जिसे लेकर ग्राम पंचायत के लोगों के साथ कुछ निर्वाचित सदस्यों ने विरोध दर्ज कराया है।पिछले तीन साल में यहां पर जितने भी काम हुए हैं। शासन द्वारा जो राशि जारी की गई थी वह खातों से पूरी तरह से नदारत है और विकास कार्यों के नाम पर केवल औपचारिकताओं की रस्म अदायगी की गई है।ना तो कभी पंचायत की बैठक और ना ही ग्राम सभा की बैठकें केवल मनमानी ही मनमानी खातों से निकाली जानी वाली राशि का कहीं कोई हिसाब किताब ना मिलने की स्थिति में ग्राम पंचायत सदस्यों ने कड़ा ऐतराज किया था। और तत्काल प्रभाव से आवश्यक बैठक बुलाकर हिसाब किताब प्रस्तुत करने ग्राम पंचायत सचिव को कहा गया। सचिव ने अपने हिसाब से ही बैठक आयोजित करने और हिसाब देने की बात कही उसी हिसाब से बैठक आयोजित हुई उसमें भी केवल और केवल फर्जीवाड़ा सामने आया। आनन-फानन निजी हाथों को आईडी पासवर्ड देकर रखी गई है जहां से राशि आहरण करवाई जाती और उनके बिल भी लगवा दिये जाते हैं।इस विषय को लेकर जब निर्वाचित कुछ सदस्यों ने असंतोष व्यक्त किया तो बिलों के क्रमांक और उनकी वस्तुस्थिति में जमीन आश्वासन का अंतर देखने को मिला। निर्माण कार्य के लिए पूर्व से ही कुछ दुकानें सेट कर रखीं हैं जहां से मनमाने तरीके से राशि सचिव लेते रहें हैं।इन व्यापक अनियमिताओं को उजागर होते देख अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लिया और पंचायत का दौरा किया वहां पर सरकारी धन के दुरुपयोग और विकास कार्य शून्यता को देखते हुए निर्देश दिए। इन दिनों ढिलवार में नवीन पंचायत भवन निर्माण हेतु बड़ी राशि स्वीकृत हुई है उसमें भी नजर लगाकर बैठे सरपंच सचिव ने ग्राम पंचायत के सदस्यों की मंशा को भी भी ताक पर रखकर इस पंचायत भवन की विल्डिंग का सौदा करते हुए दूसरों को निर्माण ऐजेंसी बना डाला।जब उक्त निर्माण ऐजेंसी करने वाले लोगों के साथ भी काम से अधिक राशि खातों से निकाल ली गई वह भी तिलमिला गये। ग्राम पंचायत सदस्यों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से विगत तीन सालों का पूरा लेखा-जोखा सामने आना चाहिए और जितनी भी गलत तरीके से राशि आहरित की गई है उसकी भी वसूली इन्हीं से सरपंच सचिव से की जानी चाहिए।

**न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर**

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. /अ-20(1)/ वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार अस्थायी पट्टाधिकार को स्थायी पट्टाधिकार में परिवर्तन हेतु की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 16/4/2025 को प्रात: 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची- नजूल शीट क्र.- 6, नगरीय क्षेत्र का नाम- करेली, प्लाट क्र.- 53 में से, रकबा- 300 वर्गफुट, विद्यमान अभिलेख में धारक / धारकों के नाम / पिता / माता का नाम पूर्ण नाम पता- नजूल जैरे इन्ताम नगरपालिका करेलीगंज, उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम / पिता / माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है- अंशुल तिवारी आ. अशोक तिवारी निवासी करेलीगंज।**

इश्तहार आज दिनांक 27/3/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

(मुद्रा) **नजूल अधिकारी नरसिंहपुर**